ICAC

हम एकजुट होकर एक निष्पक्ष समाज बनाते हैं

रिश्वत न दें, भ्रष्टाचार के बारे में रिपोर्ट करें

रिश्वत न दें

हांगकांग में रिश्वत लेना एक दण्डनीय अपराध है। सार्वजनिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी हो या किसी निजी क्षेत्र की कंपनी में, रिश्वत लेना एक दण्डनीय अपराध है। जिसमे अपने अधिकारों का दुरुपयोग करना अपने फायदे के लिए शामिल हैं। और जो व्यक्ति रिश्वत देता है वह भी अपराधी है। रिश्वत अध्यादेश की रोकथाम (PBO) के अनुसार, फायदे का अर्थ है किसी भी प्रकार का उपहार, इनाम, कमीशन, ऋण, कार्यालय, सेवा और एहसान। ***इस फायदे को स्वीकार करना या प्रदान करना या किसी को करने के लिए अधिकतम जुरमाना HK$500,000 है या फिर ७ साल की कैद है।***

रिश्वत के दो उदाहरण नीचे दिए गए है।

■ सरकारी सेवा के लिए आवेदन करना ■

एक निवासी ने सरकारी सेवा के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। नौकरी प्राप्त करने की उत्सुकता में और अपना काम जल्द करवाने के लिए उसने सरकारी अधिकारी को उपहार प्रस्तुत किया। निवासी ने PBO के तहत एक दण्डनीय अपराध किया है क्योंकि हांग कांग सरकार अपने सरकारी अधिकारियों को किसी भी प्रकार के उपहार लेने कि अनुमति नहीं देती। यदि सरकारी अधिकारी आवेदन को संसाधित करने के लिए उपहार को स्वीकार करता है तो वह रिश्वत लेने के लिए दण्डनीय है।

■ नौकरी की तलाश ■

एक रोज़गार इच्छुक किसी कंपनी के प्रबंधक को नौकरी सुनिश्चित करने के लिए HK$3,000 देता है। PBO के तहत रोज़गार इच्छुक ने एक दण्डनीय अपराध किया है और प्रबंधक भी अपराधी होगा अगर वह अपनी कंपनी को जानकारी दिए बिना कंपनी के व्यवसाय के संबंध में धन स्वीकार करता है।

स्वतंत्र भ्रष्टाचार-निरोधक आयोग (ICAC)

ICAC हांगकांग में स्वतंत्र और समर्पित भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी है। यह प्रभावी कानूनी प्रवर्तन, निवारण और शिक्षा के माध्यम से भ्रष्टाचार का मुकाबला करता है।



भ्रष्टाचार के बारे में रिपोर्ट करें

भ्रष्टाचार से अन्याय होता है और हमारे रोज़ाना के जीवन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। भ्रष्टाचार को बर्दाश्त न करें और इसके बारे में ICAC को रिपोर्ट करें ।

- जातीय भाषाओं में भाषांतरण सेवा का प्रबंध किया जा सकता है।
- आपकी पहचान और सूचना को गोपनीय रखा जाएगा।
- नियुक्ति लेने की कोई जरूरत नहीं है। रिपोर्ट निम्नलिखित के द्वारा की जा सकती है:

फोन से: 25 266 366 (24-घंटे की हॉटलाइन)

व्यक्तिगत रूप में: ICAC रिपोर्ट सेंटर (24-घंटे सेवा) या ICAC का कोई अन्य क्षेत्रीय कार्यालय

डाक से: GPO Box 1000, Hong Kong

ICAC Website : www.icac.org.hk